an>

title: Need to take steps to develop Mukundra National Tiger Reserve in Kota, Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : अध्यक्ष महोदया, मेरे इलाके के अंदर मुकुन्द्रा नेशनल टाइगर रिजर्व का गजट नोटिफिकेशन हुए पांच वर्ष हो गए। मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि सवाई माधोपुर, रणथम्भौर के अंदर टाइगर (बाघ) अधिक हैं और वहां से शिफ्टट करना है तो सरकार शीघ्र मुकुन्द्रा नेशनल टाइगर रिजर्व इलाके के अंदर इन बाघों को शिफ्टट करे, ताकि मुकुन्द्रा नेशनल पार्क शुरू हो सके।

महोदया, इसी के साथ जुड़ा हुआ एक विषय है। कोटा का चिड़ियाघर बंद होने जा रहा है। केन्द्र सरकार की टीम ने 10 जून को इसका निरीक्षण कर लिया है, इसलिए मेरा निवेदन है कि प्राधिकरण इसे तुरन्त स्वीकृत करे, ताकि अभ्यारण्य के अंदर वन्य जीवों का आगमन शुरू हो सके।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री ओम बिरला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।